## प्रश्नपत्र रूप–रेखा
## मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : छठी, सातवीं, आठवीं
## समूह : प्रतिभा, निष्ठा, नवनिष्ठा
## विषय : हिन्दी

(अप्रैल–सितम्बर)

अवधि : 2½ घंटे | अधिकतम अंक : 30

| विषयवस्तु | नवनिष्ठा | निष्ठा | प्रतिभा |
|---|---|---|---|
| अपठित / पठितबोध | 5 | 5 | 5 |
| व्याकरण | 10 | 10 | 10 |
| पाठ्यपुस्तक | 10 | 10 | 10 |
| लेखन | 5 | 05 | 5 |
| | **30** | **30** | **30** |

## प्रश्नपत्र रूप–रेखा
## वार्षिक परीक्षा–2017–18
## कक्षा : छठी, सातवीं, आठवीं
## समूह : प्रतिभा, निष्ठा, नवनिष्ठा
## विषय : हिन्दी

(अक्तूबर–मार्च)

अवधि : 2½ घंटे | अधिकतम अंक : 50

| विषयवस्तु | नवनिष्ठा | निष्ठा | प्रतिभा |
|---|---|---|---|
| अपठित / पठितबोध | 10 | 10 | 10 |
| व्याकरण | 10 | 10 | 10 |
| पाठ्यपुस्तक | 20 | 20 | 20 |
| लेखन | 10 | 10 | 10 |
| | **50** | **50** | **50** |

## अधिगम सम्प्राप्ति बिन्दु (Learning Outcome)
### विषय– हिन्दी
### कक्षा–छह

1. पाठ्यवस्तु को पढ़कर उसकी बारीकी से जाँच करते हुए प्रश्नों के उत्तर देते हैं।
2. वर्णनमाला के अक्षरों से शब्द गढ़तें हैं।
3. व्याकरण इकाइयों – जैसे– विलोम शब्द, लिंग, संज्ञा सर्वनाम को पहचानकर छाँटते हैं।
4. भाषा की बारीकियों पर ध्यान रखते हुए उनका लिखने में प्रयोग करते हैं।
5. अलग–अलग तरह की रचनाओं में आए शब्दों के अर्थ समझते है और 3–4– वाक्यों में लिखते है।
6. अपनी कल्पना से रचना करते हैं, पत्र व निबंध की।

## अधिगम सम्प्राप्ति बिन्दु (Learning Outcome)
### विषय– हिन्दी
### कक्षा–सातवीं

1. पाठ्यवस्तु को पढ़कर उसकी बारीकी से जाँच करते हुए प्रश्नों के उत्तर देते हैं।
2. वर्णनमाला के अक्षरों से शब्द गढ़तें हैं व वाक्य बनाते हैं।
3. व्याकरण इकाइयों – जैसे– विलोम शब्द, लिंग, संज्ञा सर्वनाम को पहचानकर छाँटते हैं व प्रयोग में लाते हैं।
4. भाषा की बारीकियों पर ध्यान रखते हुए उनका लिखने में प्रयोग करते हैं।
5. कविता, कहानी आदि रचनाओं में अन्तर समझते हैं तथा उनसे संबधित प्रश्नों के उत्तर देते हैं।
6. अपनी कल्पना से मौलिक रचना करते हैं।
7. विषय की सामाजिक उपयोगिता समझते हैं व अपनी संवेदनाओं व विचारों को करते हैं।

## अधिगम सम्प्राप्ति बिन्दु (Learning Outcome)
### विषय– हिन्दी
### कक्षा–आठवीं

1. किसी पाठ्यवस्तु (कहानी, निबंध व कविता) को सरसरी तौर पर पढ़कर विषयवस्तु का अनुमान लगाते हैं।
2. लगभग 3–4 वाक्यों के लेखन में संज्ञा, वचन, लिंग, विलोम, सर्वनाम, विरामचिन्ह का सचेत इस्तेमाल करते हैं।
3. भाषा की बारीकियों पर ध्यान रखते हुए उनका लिखने में प्रयोग करते हैं।
4. पढ़ी गई सामग्री पर बेहतर समझ के लिए स्वयं से प्रश्न बनाते और पूछते हैं।
5. अपने अनुभवो को अपनी भाषा शैली में लिखते हैं।
6. विविध प्रकार की कहानी, कविताओं, समाचारों आदि में आए प्राकृतिक, सामाजिक और अन्य संवेदनशील मुद्दों को समझते हैं व विचार व्यक्त करते हैं।

# आदर्श प्रश्नपत्र
## मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : छठीं
## समूह : प्रतिभा
## विषय : हिन्दी

**समयावधि–2 ½ घंटा** **कुल अंक–30**

भाग–क

**प्रश्न 1** नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें– 2

एक से एक मिलें तों कतरा
बन जाता है दरिया
एक से एक मिलें तों जर्रा
बन जाता है सेहरा
एक से एक मिलें तों राई
बन सकती हैं परवत
एक से एक मिलें तों इसां
बस में कर ले किस्मत

(क) एक–से–एक मिलकर क्या–क्या बन जाता हैं?
पंक्तियों के आधार पर उत्तर दें

(ख) साथ मिलकर काम करने में आप कैसा महसूस करते हैं? कारण सहित उत्तर दें

**प्रश्न 2** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें– 3

एक बार एक अकलमंद आदमी ने लोगों को बताया 'हिन्दुस्तान में एक ऐसा पेड़ है जिसका फल खा लेने पर आदमी कभी बूढ़ा नहीं होता और कभी मरता भी नहीं। राजा ने जब यह बात सुनी तो वही फल खाने के लिए बेचैन हो गया। उसने अपने सबसे चतुर मंत्री को हिन्दुस्तान भेजा। वह मंत्री सालों हिन्दुस्तान का चक्कर काटता रहा। जंगल, पहाड़, समुंद्र, नदियाँ–सब देख डाली मगर फल कहीं नहीं मिला।

(क) राजा क्यों बेचैन हो गया था?
(ख) राजा ने मंत्री को फल की खोज में कहाँ भेजा?
(ग) जंगल और 'पहाड़' शब्द का एक–एक पर्यायवाची

**प्रश्न 3** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में दे– 10

(क) मंगल ग्रह का प्राकृतिक संतुलन क्यों बदल गया?
(ख) तुम्हारे समय और बचपन की लेखिका के समय में क्या–क्या अंतर आ चुका है? किन्हीं पाँच अंतरो को लिखें।
(ग) अक्षर के आविष्कार से मानव सभ्यता में क्या परिवर्तन आया?
(घ) यदि आप चाँद से बातचीत कर सकते तो आप क्या–क्या बाते करतें?

**प्रश्न 4** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाएँ 2

(क) भीगी बिल्ली बनना
(ख) चेहरे का रंग उड़ जाना

**प्रश्न 5** दिए गए उदाहरण के अनुसार रेखांकित विशेषणों के लिए उपयुक्त संज्ञा शब्द बताओ 5
उदाहरण–

गुलाबी पगड़ी गुलाब

(क) <u>मखमली</u> घास
(ख) <u>जंगली</u> फूल
(ग) <u>ठंडी</u> रात
(घ) <u>कीमती</u> गहने
(ङ) <u>कश्मीरी</u> भाषा

**प्रश्न 6** रेखांकित सर्वनाम शब्दों की अशुद्धियों को शुद्ध करके दोबारा वाक्य लिखिए– **1 ½**

(क) सुनीता <u>मुझे</u> घर नहीं आई।
(ख) मुमताज गिर पड़ी और <u>मुझका</u> पैर टूट गया
(ग) <u>वहाँ</u> ने काम कर लिया।

**प्रश्न 7** कोष्ठक में दिए गए शब्दों का भाववाचक संज्ञा में परिवर्तित करके खाली जगह भरिए– **1 ½**

(क) मेरे (कृष्णा सोबती) पहनने ओढ़ने मे भी काफी................. आए हैं। (बदल)
(ख) एक छोटी सी.............. और गिरजा मैदान पहुँच जाते। (चढ़ना)
(ग) चुटकला सुनकर मुझे............ आ गई। (हंस)

**प्रश्न 8** आप सभी जानते हैं कि बीता समय कभी वापिस नहीं आता। **2½**
क्या सभी समय का महत्व समझते हैं। आप बडी/बड़े बहन/भाई बनकर अपने छोटे भाई को समय का महत्व बताते हुए पत्र लिखें।

**प्रश्न 9** जब विद्यालय की छुट्टी की घंटी बजती है तो आपकों कैसा अहसास होता हैं? या जब किसी पक्षी को पिंजरे से निकाल कर आकाश में छोडा जाता है तो कैसा लगता आजादी और स्वतन्त्रता का भी अहसास इससे मिलता जुलता होता है। स्वतन्त्रता दिवस के उत्सव के विषय में बताते हुए 100–150 शब्दों का निबन्ध लिखें। **2 ½**

# आदर्श प्रश्नपत्र
# मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : छठीं
## समूह : निष्ठा
## विषय : हिन्दी

समयावधि–2 ½ घंटा कुल अंक–30

भाग–क

1. निम्न गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें– 2

मास्टरः माता जी, मोहन की वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है। इसकी 'ऐसे–ऐसे' की बीमारी को मैं जानता हूँ। अकसर मोहन जैसे लड़को को वह हो जाती है।

(क) किस चीज की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं हैं।
(ख) मोहन की बीमारी को कौन जानता है?
(ग) आपके विचार से मोहन को क्या बीमारी हुई थी?
(घ) 'अकसर' शब्द का अर्थ बताओ।

2. निम्न पद्यांश पढ़कर, समझकर प्रश्नों के उत्तर लिखें– 3

साथी हाथ बढ़ाना
एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना
साथी हाथ बढ़ाना

(क) साथी से मिलकर क्या उठाने की बात कहीं जा रही है?
(ख) तुम अपने साथियों के साथ मिलकर कौन से काम करते हैं।
(ग) अपने घर में आप इस बात का कैसे ध्यान रखते हैं कि कोई एक ही व्यक्ति सारा काम करके थक न जाए?

भाग–ख

3. निम्न शब्दों को वर्णकमानुसार लिखकर वाक्य बनाकर लिखें 5

तकलीफ, अनुमान, सुराख, इंतजार, हिस्सेदार

4. निम्न शब्दों से पहले, मंजुषा से छाँटकर गुणवाचक विशेषण जोड़ों– 2

................. सवाल
................. पानी
................. धोती
................. सूरत

| | |
|---|---|
| उजला | पानी |
| बड़ा | करूंगा |
| पेचीदा | |
| रोनी | |
| तेज | |

5. नीचे लिखे वाक्यों मे रेखाकिंत शब्द के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो– 2

(क) आप हमेशा सच बोलते हैं, या कभी–कभी.............. भी बोलते हैं।
(ख) दिन में पक्षी आसमान में उड़ते हैं, तो............. में पेड़ों पर सोंते हैं।
(ग) अपने सुख में लीन होकर, दूसरों के ............ को भुला देना ठीक नहीं हैं।
(घ) बच्चों ने शोर मचाकर आकाश................. एक कर दिया।

6. शुद्ध बर्तनों वाले शब्दो से रिक्त स्थान की पूर्ति करें– 1

(क) आज मुझे ढेर सारा.............. कार्य मिला हैं। (गृह/ग्रह)

(ख) मैं............... के ग्लास में पानी पीता हूँ। (काँच/कांच)

भाग–ग

7. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें– 6

(क) चिड़िया को किन–किन चीजों से प्यार हैं।

(ख) केशव ने श्यामा से चिथडें, टोकरी और दाना–पानी माँगकर कार्निस पर क्यों रखा थे?

(ग) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता में सीने और बाँहों को फौलादी क्यों कहा जाता हैं?

(घ) माँ मोहन के ऐसे–ऐसे कहने पर क्यों घबरा रही थी?

8. आप कब–कब और किस प्रकार के बहाने बनाते हैं? कोई चार बहाने बताएँ 2

| बहाना | कब बनाते हैं? |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |
| (ग) | |
| (घ) | |

9. रिक्त स्थान भरोः– 2

(क) छोटू ने कंट्रोल रूम में एक ............. देखा।

(ख) सूरज में परिवर्तन होते ही मंगल ग्रह का........... संतुलन बिगड़ गया।

(ग) अंतरिक्ष यान को पृथ्वी से ............. ने भेजा था।

(घ) छोटू के पापा सुरंग में ............. सूट पहनकर जाते थे।

भाग–घ

10. आपके घर में पैसो की तंगी है। आप पढ़ाई व उसका बोझ उठाने में असमर्थ हैं। अतः अपने विद्यालय के प्रधानाचार्या/प्रधानाचार्य को छात्रवृति देने हेतु प्रार्थना पत्र लिखे। **2 ½**

11. हम सभी साफ–सुथरा रहना पसंद करते हैं तथा सफाई को सभ्य होने की निशानी मानते हैं, लेकिन क्यों? **2 ½**

'सफाई का महत्व बताते हुए100–150 शब्दों में निबन्ध लिखें।

# आदर्श प्रश्नपत्र
## मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : छठीं
## समूह : नवनिष्ठा
## विषय : हिन्दी

**समयावधि–2 ½ घंटा** **कुल अंक–30**

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. अंक विभाजन प्रश्न के दाईं ओर दिया गया है।
3. प्रश्न कमानुसार करना अनिवार्य नहीं है, किन्तु अपेक्षित है।
4. आपका लेखन स्पष्ट व सुपाठ्य होना चाहिए।

भाग–क

**1.** निम्न पंक्तियों को पढ़कर, प्रश्नों के उत्तर दें– 5

केशव के घर कार्निस के उपर एक चिड़िया ने अंडे, दिए थे। केशव और उसकी बहन श्यामा दोनों बडे. ध्यान से चिड़िया को वहॉ आते–जाते देखा करते। सवेरे दोनों ऑखें मलते कार्निस के सामने पहॅुच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहॉ बैठा पाते। उनको देखने में दोनो बच्चों को न मालूम क्या मजा मिलता, दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी।


(क) बच्चे किसको ध्यान से देखते थे?
(ख) चिडि.या ने अंडे कहॉ दिए थे?
(ग) बच्चों को क्या खाने की सुध नहीं रहती थी?
(घ) दोनों क्या मलते हुए कार्निस के सामने पहुँच जाते थे?
(ड़) चिड़ा का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा?

भाग–ख


**2.** चित्र देखकर शब्द पूरा करो– 4



.........त्ता



पे.........



बा....ल



........दी

3. संज्ञा शब्दों को वाक्य से अलग करके लिखे 2

(क) गीता गीत गाती है।

(ख) गाय चारा खाती है।

4. निम्न कियाओं के करने में भाषा का कौन सा रूप है। 2
उस पर सही ( ) का निशान लगाओ––

| | | मौखिक | लिखित |
|---|---|---|---|
| (क) | कहानी सुनाना | ( ) | ( ) |
| (ख) | चिट्ठी लिखना | ( ) | ( ) |
| (ग) | एस.एम.एस. करना | ( ) | ( ) |
| (घ) | रेडियों सुनना | ( ) | ( ) |

5. रेखांकितर शब्दों के लिंग बदलकर, विलोम बनाते हुए रिक्त स्थान भरो 2

(क) लड़का............में भेदभाव करना गलत है।

(ख) रानी.............. के किस्से सुनना सुनाना पुरानी बात हो गई है।

भाग–ग

6. शब्द के जोड़ो मे से सही शब्द चुनकर लिखें 5

(क) चिड़िया ............मारकर जुंड़ी के दाने खा लेती है। (पैर,चोंच)

(ख) चिड़िया को अन्न, वन तथा........ से बहुत प्यार है। (नदी,कवि)

(ग) नीले पंखों वाली चिड़िया मुँह........ है। (बोली,भोली)

(घ) एक अकेला थक जाएगा, मिलकर.......... उठाना। (फूल,बोझ)

(ड.) मोहन के ......... में दर्द हो रहा था। (पेट,पैर)

7. साथी हाथ बढ़ाना का मतलब, मदद करना है।
आपकी निम्न कामों में कौन–कौन मदद करता है, 4
वाक्य लिखकर बताऍं.........

(क) खेलनें में............

(ख) पढ़ने–लिखने में...........

(ग) बीमारी में..................

(घ) कपड़े धोने में..............

8. संक्षेप में उत्तर लिखें....... 1

(क) मोहन ने क्या खाया था?

...................

(ख) मोहन को देखने कौन–कौन आते हैं?

............................

भाग–घ

9. निम्नलिखित जोड़ों को मिलाकर मेरा प्रिय मित्र निबन्ध की पंक्तियो को पूरा कर नीचे लिखें– 5

| | |
|---|---|
| 1. गुंजन मेरी / मेरा | सच बोलती / बोलता है। |
| 2. मैं प्रतिदिन उसके | की मदद करती / करता है। |
| 3. वह हमेशा | सबसे प्रिय सहेली / मित्र है। |
| 4. गुंजन सदा दूसरों | अच्छा लगती है / लगता है। |

| | |
|---|---|
| 5. मुझे गुंजन बहुत | साथ खेलती/खेलता है। |
| 6. वह हमेशा | घर से खाना लाती/लाता है। |
| 7. गुंजन का काम | मीठी बोली बहुत पसंद है। |
| 8. वह प्रतिदिन | कूड़ा नहीं फैलाती/फैलाता |
| 9. मुझे उसकी | सुंदर व समय पर होता है। |
| 10. वह कभी भी | समय पर स्कूल आती/आता है। |

# आदर्श प्रश्नपत्र
## मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : सातवीं
## समूह : प्रतिभा
## विषय : हिन्दी

**अवधि : 2½ घंटे** **अधिकतम अंक : 30**

## खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2 ½

परोपकार की भावना जीवन को ऊँचा उठाने वाली है। परोपकारी जीवन वास्तव में वही है, जो अपनी ओर से भी विमुख रहे। उसके सम्मुख दूसरे का भला ही हो। परोपकारी की यह भावना, उसकी आत्मा को विकास और विस्तार प्रदान करती है। उसे एक अनोखी आत्मिक शांति मिलती है। मानसिक शुद्धता के साथ–साथ चारित्रिक पवित्रता प्राप्त होती है। परोपकारी का जीवन समाज के लिए आदर्श बन जाता है और लोग उसे देवता मानने लगते हैं। क्योंकि जन साधारण और देवता में यही अन्तर है कि जन साधारण अपने लिए और देवता दूसरों के लिए सोचता है।

(i) परोपकार की भावना का क्या महत्व है?
(ii) वास्तविक परोपकारी कौन होता है?
(iii) परोपकार के क्या–क्या लाभ हैं?
(iv) जनसाधारण और देवता में क्या अंतर है?
(v) देवता में और कौन से गुण होने चाहिए?

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2 ½

*आकाश का साफ़ा बाँधकर*
*सूरज की चिलम खींचता*
*बैठा है पहाड़,*
*घुटनों पर पड़ी हैं नदी चादर-सी,*
*पास ही दहक रही है*
*पलाश के जंगल की अँगीठी*
*अँधकार दूर पूर्व में*
*सिमटा बैठा हैं भेड़ों के गल्ले–सा*

(i) कवि ने किसान का रूप किसे दिया है?
(ii) किसान के घुटनों पर नदी किस रूप में ढकी है?
(iii) उपरोक्त पद्यांश में से दो क्षेत्रीय शब्द छाँटकर लिखिए।
(iv) 'गल्ले' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए।
(v) कवि अँगीठी के लिए किसको दहकाता है?

## खण्ड 'ख' व्याकरण

3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–
   (i) निम्न भाषाओं की लिपि लिखिए :– 1
      I. पंजाबी
      II. अंग्रेजी
   (ii) भाषा से आप क्या समझते हैं? 1
   (iii) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए :– 2
      I. जो पंद्रह दिन में एक बार आए –
      II. जिसके आने की तिथि न हो –
   (iv) निम्न शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए :– 1
      I. बच्चा
      II. निर्बल
   (v) निम्न वाक्यों को शुद्ध कीजिए :– 1
      I. तुम तुम्हारे घर जाओगे।
      II. दूध में कौन पड़ गया है?
   (vi) निम्न वाक्यों में से विशेषण व विशेष्य छाँटकर अलग–अलग कीजिए :– 1
      I. पूजा के पास एक सुंदर कलम है।
      II. कई आदमी अपने घर जा चुके हैं।
   (vii) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए :– 1
      I. झोपड़ी में एक <u>बुढ़िया</u> और एक ------ रहते हैं।
      II. शादी में <u>वर</u> और ------ बहुत सुंदर लग रहे थे।
   (viii) निम्न शब्दों को दो अन्य नामों से (पर्यायवाची) आप जानते हैं, उन्हें लिखिए :– 1
      I. आग – ------ ------
      II. स्त्री – ------ ------
   (ix) उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :– 1
      I. कर्ण ने ------ में कुंडल पहने थे।
      II. अनुज के बालपन में उसके पिता ने उसके ------ कई बार कटवाए।

## खण्ड 'ग'

4. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :– 3
   (i) पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन–कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?
   (ii) रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या–क्या करना चाहिए?
   (iii) पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई?
5. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :– 4
   (i) मिठाईवाले में वे कौन से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे बड़े भी उसकी ओर खिचे चले आते थे?
   (ii) पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं? इनसे कैसे बचा जा सकता है?
   (iii) यासुकी–चान को अपने पेड़ पर चढ़ने के लिए तोत्तो–चान ने अथक प्रयास क्यों किया?

6. निम्न प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर (60 से 80 शब्दों में) लिखिए :– 3

(i) माँ मेरी बाट देखती होगी, नन्हीं चिड़िया बार–बार इसी बात को कहती है। आप अपने अनुभव के आधार पर बताइए कि आपको अपनी माँ अच्छी क्यों लगती है?

(ii) 'मिठाईवाला' कहानी में रोहिणी चिक के पीछे से बात करती है। क्या आज भी औरतें चिक के पीछे से बात करती हैं? क्या आपने ऐसा अपने घरों में देखा है? यदि हाँ तो आपकी राय में क्या यह सही है?

**खण्ड 'घ'**

7. निम्न में से किसी एक पर 100 से 150 शब्दों में लिखिए :– 2 ½

(i) आप भारतीय होने पर स्वतंत्रता दिवस कैसे मनाते हैं। इस दिन आप क्या करते हैं, क्यों करते हैं?

(ii) दीपावली वाले दिन हम दीपों की सजावट क्यों करते हैं? दीपावली कब और कैसे मनाते हैं? अपने विचार प्रकट कीजिए।

8. आपके पिताजी की तनख्वाह ज्यादा नहीं है। वह आपके विद्यालय की फीस नहीं भर सकते। इसलिए प्रधानाचार्य को फीस माफ करने के लिए प्रार्थनापत्र लिखिए। 2 ½

अथवा

आपको अपनी कक्षा की पुस्तकें घर के पास दुकानदार से नहीं मिल रही है। आप घर से दूर किसी पुस्तक विक्रेता से अपनी पुस्तक मँगवाना चाहते हैं। कैसे पुस्तक मँगवायेंगे, लिखिए।

— : —

# आदर्श प्रश्नपत्र
## मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : सातवीं
## समूह : निष्ठा
## विषय : हिन्दी

**अवधि : 2½ घंटे** **अधिकतम अंक : 30**

### खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2

रास्तों में कीचड़ सूख गया है और गाँव के लड़के किनारों पर झाग भरे जलाशयों में धमाके से कूद रहे हैं। आषाढ़ में आम और जामुन न मिल, चिंता नहीं, अगहन में चिउड़ा और गुड़ न मिले दुख नहीं, चैत के दिनों में लाई के साध गुड़ की पट्टी न मिले, अफसोस नहीं, पर क्वार के दिनों में इस गंधपूर्ण झागभरे जल में कूदना न हो तो बड़ा बुरा मालूम होता है।

(i) आप पानी में भीगना कब पसंद करते हैं?
(ii) आपको कौन सा फल सबसे अधिक प्रिय है व क्यों?
(iii) जलाशय को आप और किस नाम से जानते हैं?
(iv) ऊपर लिखी पंक्तियों से आपको गाँव या शहर में से किसका दृश्य दिखाई देता है?

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 3

स्वर्ण–श्रृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूलें,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरू की फुनगी पर के झूले।

(i) कवि यहाँ किसके बारे में बात कर रहा है?
(ii) पक्षी अपनी गति व उड़ान कब भूल जाते हैं?
(iii) चिड़िया पिंजरे के बंधन में बँधी थी। आप बंधन से क्या समझते हैं?

### खण्ड 'ख'

3. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

(i) अपने भाव व विचार व्यक्त करने के साधन को क्या कहते हैं? 1

(ii) सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए :– 1

I. अतीथि, अतिथि, अतथि
II. चिड़ीया, चीड़ीया, चिड़िया

(iii) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :– 2

I. पर्वत को मैं ––––– व ––––– नाम से भी पुकारता हूँ।
II. गृह को मेरा मित्र ––––– व ––––– नाम से भी जानता है।

(iv) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 1

I. मेरा भाई सदा <u>स्वस्थ</u> रहता है परन्तु बहिन ––––– रहती है।
II. <u>परिचित</u> से मैं बेखटके बात करता हूँ परन्तु ––––– से नहीं।

(v) निम्न शब्दों में से संज्ञा शब्द छाँटिए :– 2

मोटा, ऊँचा, ताजमहल, गाय, वट, रमेश, उसका, खट्टा

(vi) सही बहुवचन छाँटकर लिखिए :– 2

I. बच्चा – बच्चे, बच्चों

II. घोड़ा – घोड़ों, घोड़े

III. माला – मालाएँ, मालें

IV. पत्ती – पत्तियाँ, पत्ते

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 1

(i) मैने खाना खाकर अपना सामान अलमारी के दूसरे —————— में रखा।

(ii) दीपक दौड़ में हार गया परंतु जीतने वाले को उसने प्रसन्नतापूर्वक —————— पहनाया।

## खण्ड 'ग' पाठ्यपुस्तक

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 4

(i) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्या कहा है?

(ii) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?

(iii) 'पापा खो गए' नाटक में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों?

(iv) शाम के समय आसमान के क्या–क्या बदलाव होते हैं?

6. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :– 4

(i) 'पापा खो गए' नाटक में बच्ची को बचाने वाले पात्रों में एक ही सजीव पात्र है। उसकी कौन–कौन सी बातें आपको मजेदार लगीं? कोई दो लिखिए।

(ii) किन दो बातों से पता चलता है कि माधवदास का जीवन सम्पन्नता से भरा था?

(iii) नदियों को माँ मानने की परंपरा पुरानी है। लेखक उन्हें और किन दो रूपों में भी देखता है?

7. निम्न प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए :– 2

(i) 'पापा खो गए' नाटक में दिखाई गई घटना को ध्यान में रखते हुए बताइए कि आजकल बच्चे अपनी रक्षा के लिए क्या–क्या कर सकते हैं?

(ii) नदियाँ हमारे लिए क्यों जरूरी हैं? कोई चार बातें लिखिए।

## खण्ड 'घ'

8. आप अपने मित्र को अपने विद्यालय में प्रवेश दिलवाना चाहते हैं। आपको अपना विद्यालय कैसा लगता है? 80 से 100 शब्दों में लिखिए। 2 ½

अथवा

दीपकों की जगमग सबसे अधिक दीपावली वाले दिन दिखाई देती है। आप दीपावली कैसे, कब व किस बात को याद करके मनाते हैं? 80 से 100 शब्दों में अपने विचार लिखिए।

9. आपके मित्र का जन्मदिवस आने वाला है परन्तु आप किसी कारणवश उसके घर नहीं जा सकते। आप उसे किस प्रकार पत्र लिखकर बधाई देंगे? 2 ½

अथवा

आपको घर पर कोई आवश्यक कार्य है। आप विद्यालय में दो दिन उपस्थित नहीं हो पाएँगे। प्रधानाचार्य जी से दो दिन का अवकाश किस प्रकार प्राप्त करेंगे।

# आदर्श प्रश्नपत्र
## मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : सातवीं
## समूह : नवनिष्ठा
## विषय : हिन्दी

**अवधि : 2½ घंटे** **अधिकतम अंक : 30**

### खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 5

**माधवदास को वह चिड़िया बड़ी मनमानी लगी। उसकी स्वच्छंदता बड़ी प्यारी जान पड़ती थी। कुछ देर तक वह उस चिड़िया का इस डाल से उस डाल थिरकना देखते रहे। इस समय वह अपना बहुत कुछ भूल गए। उन्होंने उस चिड़िया से कहा, "आओ, तुम बड़ी अच्छी आईं। यह बगीचा तुम लोगों के बिना सूना लगता है। सुनो चिड़िया, तुम खुशी से यह समझो कि यह बगीचा मैंने तुम्हारे लिए ही बनवाया है। तुम बेखटके यहाँ आया करो।"**

(i) चिड़िया बगीचे में क्या कर रही थी?
(ii) आपके पिता आपको किस काम को करने से रोकते हैं? कोई चार काम लिखिए।
(iii) आप बिना डरे किस–किस से बात कर लेते हैं?
(iv) आप अपनी मनमानी कैसे–कैसे करते हैं?
(v) जिस प्रकार 'ऊपर' का उल्टा 'नीचे' होता है, उसी प्रकार 'बहुत' का उल्टा ––––– होगा।

### खण्ड 'ख'

2. दिए गए अक्षरों की मदद से सही शब्द बनाइए :– 2

क, न, द, य, त, र, ज, ग

(i) क__र
(ii) __दद
(iii) ज__त
(iv) __न



3. सही मात्रा लगाकर शब्द पूरा कीजिए :– 2

ा, ि, ी, ो


(i) __दन
(ii) दुख__
(iii) क__म
(iv) ज__र

4. निम्न शब्दों को चित्र देखकर सोचकर उसकी पत्ती में लिखिए :– 1

दादा, मामी, भाई, चाची

 ______________  ______________

5. सोचकर रिक्त स्थान भरिए :– 2

 डिब्बा  ————


 तारा  ————

6. रिक्त स्थान में भरिए :– 2

(i) मैंने दिन में पढ़ाई की, ——— को सो गया।

(ii) मेरी कक्षा ऊपर वाला कमरा है, मेरी बहन की कक्षा ——— वाला कमरा है।

7. इनको किस–किस नाम से पहचानते हैं? 1

 ——— ———

 ——— ———

## खण्ड 'ग'

8. सही शब्द से खाली स्थान भरिए :– 2

(i) कनक तीलियों ———— टकराकर। (में / से)

(ii) हम बहता ———— पीने वाले। (जल / कल)

(iii) नीड़ न दो चाहे ———— का। (टहनी / बहनी)

(iv) नीले नभ............. सीमा पाने। ( ही / की)

9. आपकी दादी या नानी घर में क्या–क्या करती हैं? कोई दो काम लिखिए। 1

10. खंभे का दोस्त कौन था? 1

11. यदि आपको कठपुतली की तरह धागों से बाँधा जाएगा तो आपको कैसा लगेगा? 2

12. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2

(i) लैटर बॉक्स किस रंग का होता है? नाटक में उसे किस नाम से पुकारा गया है?

13. जोड़े मिलाइए :– 2

| | |
|---|---|
| (i) चिड़िया | धागे |
| (ii) दादी | लैटरबॉक्स |

(iii) लाल — पंछी
(iv) कपड़ा — नानी

14. आपको आपका मित्र बहुत प्रिय है या आपको अपना विद्यालय कैसा लगता है? 2 ½
संकेत बिन्दुओं के आधार पर पाँच पंक्तियाँ लिखिए।

| संकेत बिन्दु | संकेत बिन्दु |
|---|---|
| **मेरा प्रिय मित्र** | **मेरा विद्यालय** |
| नाम, पिता, पढ़ाई | नाम, प्रधानाचार्य, |
| मदद, काम, परिवार | कमरे, पानी, मैदान, |
| अच्छा, बहन, भाई | पेड़, अध्यापक |
| गरीब, सच्चा | पुस्तकालय, संगीत, खेल |

15. प्रधानाचार्य जी को अवकाश के लिए प्रार्थनापत्र। रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 2 ½

सेवा में
-------- जी
रा. सह शिक्षा --------
सैक्टर 6, रोहिणी

विषय :– अवकाश के लिए।

सविनय -------- यह है कि --------घर पर कुछ आवश्यक कार्य है। जिसके कारण मैं विद्यालय में दो दिन उपस्थित नहीं हो सकता। कृपया मुझे दो दिन का -------- प्रदान करें। आपकी अति कृपा होगी।

सधन्यवाद !

आपका -------- शिष्य
क.ख.ग.
कक्षा : सातवीं

# आदर्श प्रश्नपत्र
## मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : आठवीं
## समूह : प्रतिभा
## विषय : हिन्दी

अवधि : 2½ घंटे            अधिकतम अंक : 30

### खण्ड 'क' अपठित गद्यांश

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2 ½

मनुष्य के जीवन में संतोष का महत्वपूर्ण स्थान है। संतोषी मनुष्य सुखी रहता है, असंतोष हर बीमारी की जड़ है। कबीर ने कहा है कि रूपये–पैसे से कभी संतोष नहीं मिलता। संतोष रूपी दौलत मिलने पर समस्त धन–सम्पत्ति धूल के समान प्रतीत होती है। मनुष्य जितना रूपया कमाता है उतना ही असंतोष पैदा हो जाता है। यह असंतोष मानसिक तनाव पैदा करता है, जो अनेक रोगों की जड़ है। संत अपनी इच्छाओं को वश में रखते हैं। मनुष्य पर जब इच्छा हावी हो जाती है तो मन सदा असंतुष्ट रहता है। संतोष का संबंध मन से है, संतोष सबसे बड़ी दौलत है। वो कहते भी हैं कि जब संतोष आ जावे तब सब धन धूरि के समान लगते हैं।

(i) हम पर जब इच्छाएँ हावी हो जाती हैं तब क्या होता है?
(ii) संतोष का संबंध किससे है?
(iii) रोगों की मुख्य जड़ क्या है?
(iv) कंजूस व्यक्ति का जैसे लालची स्वभाव होता है, वैसे ही संत व्यक्ति का ––––––– स्वभाव होता है।
(v) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या है?

### पठित पद्यांश

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2 ½

अभी भी कहता है कोई किसी को
जल्दी आ जाओ कि अब
सूरज डूबने का वक्त हो गया
अभी कहा जाता है
उस कथा का आखिरी हिस्सा
जो बूढ़ी नानी सुना रही सदियों से
दुनिया के तमाम बच्चों को
अभी आती है एक बस
अंतरिक्ष के पार की दुनिया से
लाएगी बचे हुए लोगों की खबर।
नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं

(i) घर पर आपकी प्रतीक्षा कौन करता है और क्यों?
(ii) उपरोक्त पंक्तियों के द्वारा क्या कहने का प्रयास किया गया है?

(iii) आपके अनुसार सदियों से कहानी कौन सुना रहा है?

(iv) जिस तरह से धरती पर फसल लहलहाती है, उसी तरह से ------- में पक्षी उड़ते हैं।

(v) 'अभी भी' शब्द का प्रयोग कर एक वाक्य बनाइए।

## खण्ड 'ख'

3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

(i) किन्हीं चार शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए :– 2

I. विद्यालय –

II. पूज्यनीय –

III. सामिग्री –

IV. कविताऐं –

V. बिमार –

VI. निरोग –

(ii) संयुक्त व्यंजन 'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ', 'श्र' में से किन्हीं दो से एक–एक शब्द का निर्माण कीजिए। 1

(iii) दिए गए शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :– 1

I. गणेश –

II. आकाश

(iv) दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चुनाव कीजिए :– 2

I. ईश्वर में विश्वास रखने वाला –

II. जो साथ पढ़ता हो –

III. बहुत कम बोलने वाला –

IV. जिसके हृदय में दया न हो –

(v) 'ग्राहक' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव 'गाहक' है। नीचे दिए तत्सम शब्दों के तद्भव क्या होंगे? 1

दधि, भ्रमर

(vi) दिए गए उपसर्गों से दो–दो शब्दों का निर्माण कीजिए :– 1

प्र –

आ –

(vii) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्दों को छाँट कर लिखिए :– 2

I. आपने उपस्थित होकर उत्सव की शोभा बढ़ाई।

II. घर से किसी को बुला लीजिए।

III. इसने इतना गलत नहीं किया जितना उसने किया है।

IV. जो प्रथम श्रेणी लाएगा उसे पुरस्कार दिया जायेगा।

## खण्ड 'ग' पाठ्यपुस्तक

4. गाँधीजी अपने कार्य, बिना किसी की सहायता से करते थे, आप अपने कौन–कौन से कार्य स्वयं करना पसंद करते हैं? 2

5. आप अपनी किसी यात्रा का प्रभावशाली एवं मन–मस्तिष्क पर प्रभाव डालने वाले अनुभव का कोई वर्णन कीजिए। 2
6. मशीनी युग से बदलू जैसे हस्त मजदूरों के जीवन में क्या बदलाव आया? 2
7. 'भगवान के डाकिए' कविता में लेखक किन–किन को भगवान के डाकिए मानता है और क्यों? 2
8. चिट्ठी या पत्र के क्या–क्या लाभ हैं, जो एस. एम. एस. या ईमेल में नहीं है? 2

**खण्ड 'घ'**

9. परीक्षा के निकट आने पर आप समय का सदुपयोग कैसे करते हो? 150 से 200 शब्दों में लिखिए। 2 ½

अथवा

आप अपने प्रिय मित्र की अच्छाइयों (गुण) का वर्णन करते हुए विचार 150 से 200 शब्दों में व्यक्त कीजिए।

10. परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण शुल्क माफी के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्या / प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। 2 ½

अथवा

आप कई भाई–बहन हैं। पिताजी सभी को वर्दी नहीं दिला सकते। आप अपने प्रधानाचार्य को वर्दी प्राप्त करने के लिए पत्र लिखिए।

— : —

# आदर्श प्रश्नपत्र
## मध्यावधि परीक्षा–2017–18
## कक्षा : आठवीं
## समूह : निष्ठा
## विषय : हिन्दी

अवधि : 2½ घंटे | अधिकतम अंक : 30

### खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 3

पत्रों की दुनिया भी अजीबो–गरीब है और उसकी उपयोगिता हमेशा बनी रही है। पत्र जो काम कर सकते हैं, वह संचार का आधुनिकतम साधन नहीं कर सकता है। पत्र जैसा संतोष फोन या एस. एम. एस. का संदेश कहाँ दे सकता है। पत्र एक नया सिलसिला शुरू करते हैं और राजनीति, साहित्य तथा कला के क्षेत्रों में तमाम विवाद और नयी घटनाओं की जड़ भी पत्र होते हैं।

(i) आपकी दृष्टि में पत्रों की क्या–क्या उपयोगिता है? कोई दो लिखें।

(ii) क्या एस. एम. एस. पत्र का स्थान ले सकता है? अपने विचार के लिए दो तर्क लिखिए।

(iii) 'पुरानी' शब्द का विलोम शब्द पंक्तियों से ढूँढ़कर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2

पक्षी और बादल<br>
ये भगवान के डाकिए हैं<br>
जो एक महादेश से<br>
दूसरे महादेश को जाते हैं<br>
हम तो समझ नहीं पाते<br>
मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ<br>
पेड, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं।

I. पक्षी और बादल के लाए संदेश कौन पढ़ पाता है?

II. पक्षी और बादल किसके डाकिए हैं?

III. पक्षी कहाँ से कहाँ तक जाते हैं?

IV. पक्षी और बादल को आप और किन–किन नामों से पुकारते हैं?

### खण्ड 'ख'

3. नीचे लिखे शब्दों की मात्रा बदल कर नया शब्द बनाएं – 2

जैसे– बढ़िया– बुढ़िया

राज, तार, हार, घट

4. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्दो से करें– 1

लिख कर बताने वाली भाषा को............. और बोल कर बताने वाली भाषा को .......... कहते है।

5. रेखांकित शब्द का लिंग परिवर्तन कर रिक्त स्थान में भरें– 1

I. रक्षाबन्धन पर............ भाई की कलाई पर राखी बाँधती है।

II. हमें माता–........... का कहना मानना चाहिए।

6. वचन बदलो– 1

कहानी–

लड़का–

7. वाक्य की पूर्ति संज्ञा शब्द से करें। 2

I. ........... मेरा/मेरी मित्र है।

II. हमारी कक्षा में चार ........... हैं।

III. मेरा घर ........ के पास है।

IV. जंगल में बहुत सारे .............. होते है।

8. रिक्त स्थान की पूर्ति रेखांकित शब्द के उल्टे अर्थ वाल शब्द से करें– 2

I. पहाड़ कहीं से उँचा तो कहीं से ............ होता है।

II. पूछे गए प्रश्न का ......... दो।

9. निम्न शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखें– 1

ज़मीन .......... , सूर्य................

(खण्ड–ग)

10. निम्न प्रश्नों के उत्तर दें– 10

I. बदलू की बनाई चूड़ियाँ अब कोई नहीं पहनता था क्यों?

II. पत्र आदि संचार के माध्यम का हमारे जीवन में क्या महत्व है?

III. हमें अपने जीवन में अच्छाई को अपनाना चाहिए ऐसी दो अच्छी बातें बताएं जो आप अपने जीवन में अपनाना चाहते हैं।

IV. कबीर ने घास का उदाहरण देते हुए क्या ना करने को कहा है?

V. वसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है?

(खण्ड–घ)

11. स्वतन्त्रता दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है यह कब और कैसे मनाया जाता है? आप स्वतन्त्रता दिवस कैसे मनाते हो? 2 ½

12. आप अपने मित्र को उसके जन्मदिन पर किस प्रकार बधाई देगें? अपने विचार लिखें। 2 ½

# आदर्श प्रश्नपत्र

## मध्यावधि परीक्षा–2017–18

## कक्षा : आठवीं

## समूह : नवनिष्ठा

## विषय : हिन्दी

**अवधि : 2½ घंटे** | **अधिकतम अंक : 30**

### खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 5

बदलू मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती ही थीं, आसपास के गाँवों के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते थे।

(i) बदलू ने बड़े होकर अपने पिता का पेशा अपनाया, तुम बड़े होकर कौन सा काम करना पसंद करोगे?

(ii) गाँव के लोग बदलू की बनाई चूड़ियों को क्यों पसंद करते थे?

(iii) हाथ से बनाई गई कौन–कौन सी वस्तुएँ आप आप पसंद करते हैं? कोई दो नाम बताइए।

(iv) यदि स्त्री – स्त्रियाँ
तो –––– – चूड़ियाँ

(v) रेखांकित शब्द का उल्टे अर्थ वाला शब्द लिखिए :–
पहले मैं <u>कम</u> पढ़ता था लेकिन अब मैं ––––––– पढ़ता हूँ।

### खण्ड 'ख'


2. चित्र पहचानकर नाम लिखिए :– 2

 ________  __________

 __________  _________

3. सही वर्तनी वाले शब्दों को चुनकर तितली के परों में लिखिए :– 2

पन्ख, सुंदर, चमकीला, पंख, फुल, सुनदर, चमकिला, फूल



4. उदाहरण को देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 1

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जैसे हाथ – साथ | काला – ______ | लोटा – ______ | | |

5. उचित लिपि का नाम भरकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए (फारसी, अंग्रेजी, देवनागरी) 1
   (i) हिंदी ———— लिपि में लिखी जाती है।
   (ii) रोमन ———— भाषा की लिपि है।
6. नीचे दी गई पंक्तियों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए :– 2
   राम एक अच्छा लड़का है, उसे किताब पढ़ना अच्छा लगता है। वह रोज विद्यालय जाता है।
   ________ ________ ________ ________
7. निम्न वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :– 2
   (i) कक्षा में पढ़ाने वाला –
   (ii) गाना गाने वाला –

## खण्ड 'ग'

8. रिक्त स्थान में सही शब्द भरिए :– 2
   (i) मानव सभ्यता के विकास में ———— ने बड़ी भूमिका निभायी है। (पत्र/फूल)
   (ii) कबीरदास जी ने ———— को महत्व दिया है। (तलवार/ज्ञान)
   (iii) मशीनीयुग ने लोगों को ———— बना दिया है। (बेरोजगार/चित्रकार)
   (iv) हमारा मन शीतल होने पर संसार में कोई हमारा ———— नहीं होता। (दुश्मन/दोस्त)
9. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 6
   (i) आप छुट्टियों में अपने परिवार के साथ कहाँ जाना पसंद करेंगे?
   (ii) आजकल हम दूर बैठे अपने मित्रों/रिश्तेदारों के हाल चाल कैसे लेते हैं?
   (iii) आपके घर में मेहमान के आने पर आप उनका स्वागत किस प्रकार करते हैं?
   (iv) घर पर या विद्यालय में आप कौन–कौन से काम बिना किसी की मदद के करते हैं?
10. निम्न कथनों में से सही या गलत बताइए :– 2
   (i) मनिहार चूड़ी बनाने का काम करते हैं।
   (ii) आजकल मोबाइल की जगह चिट्ठियों ने ले ली है।
   (iii) हमें किसी की भी बुराई नहीं करनी चाहिए।

(iv) चिट्ठी पहुँचाने वाले को डाकिया कहते हैं।

**खण्ड 'घ'**

11. प्रधानाचार्या / प्रधानाचार्य को छुट्टी के लिए प्रार्थनापत्र लिखिए। सहायता के लिए निम्न शब्दों का प्रयोग कीजिए :– 2½

विद्यालय, कक्षा, सविनय, आज्ञाकारी, निवेदन, कृपया, धन्यवाद

12. 'दीपावली' का त्योहार कब और किस प्रकार मनाया जाता है, लिखिए। 2½

सहायक शब्द :– दीए, नए, सफाई, मिठाई, कपडे, कार्तिक, अमावस्या

—— : ——